राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड मिशन
विद्युत मंत्रालय
भारत सरकार

# मासिक रिपोर्ट – दिसंबर 2024

## एन.एस.जी.एम. परियोजना प्रबंधन यूनिट

### क. एन.एस.जी.एम. स्मार्ट ग्रिड परियोजनाएँ

1. **JVVNL, राजस्थान:** 1 नवंबर 2023 से परियोजना का संचालन और रखरखाव प्रारंभ हुआ । परियोजना को 1,45,343 स्मार्ट मीटर के साथ पूर्ण घोषित किया गया और मार्च 2024 में NSGM अनुदान की अंतिम किश्त जारी की गई। JVVNL ने स्मार्ट ग्रिड परियोजना के लिए वितरण सुधार समिति (DRC) की अनुमोदन/सिफारिशें प्रस्तुत की। JVVNL ने भारत सरकार के अंतिम अनुदान का उपयोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया।
2. **CED, चण्डीगढ़ (सब डिवीजन 5):** सर्वेक्षण के अनुसार नियत सभी स्मार्ट मीटर (24,214) क्षेत्र में स्थापित किए गए। पूर्व-स्थापित मीटरों का संचालन और रखरखाव 1 जुलाई 2023 से शुरू हुआ । शेष 61 स्मार्ट फीडर मीटर चंडीगढ़ में प्राप्त हुए और स्थापना शुरु हुई। सिस्टम का साइबर सुरक्षा ऑडिट पूरा हुआ और रिपोर्ट CED के साथ साझा की गई।

सभी परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति https://www.nsgm.gov.in/hi/sg-status पर देखी जा सकती है।

### ख. बैठक व गतिविधियाँ

1. 10 दिसंबर 2024 को निदेशक NPMU/EGSM ने नई दिल्ली में PowerLine के 19वीं वार्षिक सम्मेलन "भारत में विद्युत वितरण" में "स्मार्ट मीटरिंग AMI" पर विशेष सत्र को संबोधित किया।
2. 11 दिसंबर 2024 को पटना सिटी, SBPDCL के लिए स्मार्ट वितरण DPR पर NPMU टिप्पणियाँ नोडल एजेंसी (REC) के साथ साझा की गई।
3. 20 दिसंबर 2024 को विद्युत मंत्रालय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के लिए NSGM इनपुट्स साथ साझा किए गए।
4. NPMU द्वारा प्रस्तुत "DER एकीकरण के साथ चुनौतियां और स्मार्ट इनवर्टर द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता" की सारांश ग्रिडकॉन (GRIDCON) 2025 में स्वीकार हुआ, जो पावरग्रिड द्वारा CIGRE India के सहयोग से मार्च 2025 में आयोजित होने वाला एक प्रमुख विद्युत पारेषण उद्योग सम्मेलन है।
5. 13 दिसंबर 2024 को मुख्य प्रबंधक NPMU ने चंडीगढ़ का दौरा किया, और NSGM स्वीकृत CED SD -5 चंडीगढ़ स्मार्ट ग्रिड परियोजना के समापन के संबंध में SE, CED के कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई व नियंत्रण केंद्र और सबस्टेशन का दौरा किया गया।
6. 5 दिसंबर 2024 को निदेशक NPMU/EGSM ने "निर्मित पर्यावरण में जलवायु कार्रवाई में तेजी लाने" के विषय पर इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली में आयोजित 16वीं GRIHA शिखर सम्मेलन में वक्ता के रूप में भाग लिया।
7. दिसंबर 2024 तक, विभिन्न स्थानों पर 1.82 करोड़ से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए गए (नोडल एजेंसियों / PFC और REC से 'EGSM' द्वारा एकत्रित और NSGM वेबसाइट पर विकसित और अनुरक्षित डैशबोर्ड पर होस्ट किए गए आंकड़ों के अनुसार)। अधिक जानकारी https://www.nsgm.gov.in/en/state-wise-map, https://www.nsgm.gov.in/en/sm-stats-all से प्राप्त की जा सकती है।

**sd/-**

**निदेशक, NPMU (प्रभारी)**
**dir.npmu.nsgm@gov.in**